# पाइपलाइन जगह-जगह लीकेज, लोगों ने प्रदर्शन किया

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। शहर में पानी की पाइप लाइन जगह-जगह लीकेज होने से रास्तों में कीचड़ जमा है । इस समस्या से परेशान लोगों ने प्रदर्शन कर जलदाय विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की और जिला कलेक्टर से इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है ।

■ **जिला कलेक्टर से इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है**

शहर निवासी मुकेश, दीपक, दिलीप, सचिन, मनीष, तनीश, जुगल, राजेश, महेश, दिनेश आदि ने प्रदर्शन कर आरोप लगाया है कि शहर में जलदाय विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते जगह-जगह पानी की पाइप लाइन लीकेज हो रही है । जिससे शहर की कॉलोनियों में रास्तों में पानी जमा हो रहा है । उन्होंने बताया कि रास्ते कीचड़ों में तब्दील हो चुके हैं। जिससे एक और लोगों को जहां आवागमन में भारी परेशानी हो रही है । वहीं कीचड़ में मच्छर आदि पनप रहे हैं। जिससे पूरा शहर मौसमी बीमारियों की चपेट में है। आरोप है कि इस मामले में कई बार जलदाय विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को लिखित और मौखिक रूप में अवगत करा दिया गया। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है । इस मामले में उन्होंने जिला कलेक्टर से लापरवाह अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ शीघ्र कार्यवाही करने एवं आमजन की समस्या का समाधान करवाने की मांग की है ।



**हिण्डौन सिटी में पानी की पाइप लाइन जगह-जगह लीकेज होने से रास्तों में कीचड़ जमा होने का लोगों ने विरोध किया।**

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला हिंसा विरोधी दिवस पर रैली निकाली

**भरतपुर,** (निस) । रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत अन्तर्राष्ट्रीय महिला हिंसा विरोधी दिवस पर स्वयंसेविकाओं की रैली को मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धीरेन्द्र देवर्शि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली महाविद्यालय से रवाना होकर संग्रहालय, बिहारी जी मंदिर से होते हुए वापस महाविद्यालय परिसर पहुंची, इस दौरान छात्राओं ने " महिलाऐं हैं देश की तरक्की का आधार उनके प्रति बदलो अपने विचार ' एवं ' जब महिलाओं पर होने वाली हिंसा रूकेगी तभी देश, समाज और परिवार तरक्की करेगा आदि नारों से आसमान गुंजायमान किया। रैली के समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. धीरेन्द्र देवर्शि ने महिला हिंसा के विरोध में तथा महिला सषक्तिकरण के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि महिलाऐं स्वयं शिक्षित होकर सशक्त तथा आत्मनिर्भर हो तभी वह देश उन्नति तथा वैभवशाली राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी का निर्वहन कर सकेंगी।

## कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह का सम्मान किया

**कुम्हेर** (निस)। डीग कुम्हेर विधायक विश्वेंद्र सिंह के कैबिनेट मंत्री बनने पर कुम्हेर के लोगों द्वारा जयपुर पहुंच कर कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह का सम्मान किया। कुम्हेर में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। कुम्हर बेलारा कला कलुआ राम जाटव, पूर्व डेरी चेयरमैन कुशल पाल अबार, बौरई सरपंच पती सुरेश गुर्जर, पूर्व सरपंच लखो गुर्जर, बा बेन सरपंच पती सेर सिहं, पौहपन जाटव आदि ने कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह जयपुर निवास पहुंचकर फूलो गुलदस्ता भेट कर स्वागत सम्मान किया। कैबिनेट मंत्री विश्वर सिंह गुरुवार पर्यटन विभाग का पद ग्रहण संभाला।

प्रदेश की राजधानी जयपुर स्थित सरकारी आवास पर समर्थकों की भीड़ जुट रही है कुम्हेर तहसील के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है कार्यकर्ताओं ने बताया कि विश्वेंद्र सिंह राजस्थान सरकार में दूसरी बार कैबिनेट मंत्री बने हैं अब कुमेर क्षेत्र का विकास तेजी से होगा, भरतपुर जिले की जनता का कहना है कि भरतपुर जिले में अब चार मंत्री हैं ।

## सार-समाचार

### भोजन स्थल पर गंदगी मिली



**गंगापुर सिटी** (नि.स)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर सचिव श्वेता गुप्ता के तत्वाधान में कोविड-19 के सुरक्षात्मक प्रोटोकॉल के तहत अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति एडीजे-1 गंगापुर सिटी के निर्देशन में न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिमन्यु सिंह ने उपकारागृह गंगापुर सिटी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंदियों के बनने वाले भोजन, पीने योग्य पानी सहित भोजन स्थल का निरीक्षण किया। जहां समुचित सफाई नहीं मिलने पर सफाई कराने के निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान जेलर रामचरण मीणा, चिकित्साकर्मी गयूर खान ने बताया की वर्तमान में 63 कैदी उपकारागृह में हैं। जिनमें किसी को भी कोविड नहीं हैं। कारागृह में एक चिकित्सक अंशकालीन तथा एक अन्य चिकित्साकर्मी स्थायी रूप से नियुक्त हैं जिनके द्वारा कैदियों की समय-समय पर चिकित्सा संबंधी देखभाल की जाती हैं। उपकारागृह में बीपी मशीन, स्टेथोस्कोप, शुगर मशीन, वेट मशीन, पल्स ऑक्सीमीटर आदि सहित दवाइयाँ निरीक्षण के दौरान पाई गई जो की चिकित्सा विभाग के द्वारा उपलब्ध कराई गई हैं। निरीक्षण में सभी सीसीटीवी कैमरे चालू पाये गये।

# कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन का विरोध, भाजपा ने हल्ला बोला

**भरतपुर,** (निस) । आज भारतीय जनता पार्टी, जिला भरतपुर द्वारा राज्य में मौजूदा कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन व कुशासन, जनविरोधी नीतियों, राजस्थान में बिजली की बढ़ी हुई दरों, फ्यूल चार्ज में बढोतरी एवं अपराधें में लगातार वृद्धि को लेकर गहलोत सरकार के खिलाफ जिलाध्यक्ष डॉ. शैलेश सिंह व हल्ला बोल कार्यक्रम संयोजक गिरधारी तिवाड़ी के नेतृत्व में कुम्हेर गेट चौराहे से लक्ष्मण मंदिर, गंगा मंदिर, मथुरा गेट, बिजली घर होते हुये कलेक्ट्रेट तक पार्टी पदाधिकारियों व जिले भर से आये हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा जुलूस के रूप में पैदल मार्च निकाला गया। जुलूस में कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उसके बाद अतिरिक्त जिला कलक्टर सिटी को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया। जुलूस के दौरान लक्ष्मण मंदिर चौक पर सभा को संबोधित करते हुये डॉ. शैलेश सिंह ने कहा कि गहलोत सरकार ने पैट्रोल व डीजल पर नाममात्र की कटौती की है जबकि राजस्थान के पड़ौसी राज्य हरियाणा, उत्तर प्रदेश में पैट्रोल व डीजल की कीमतों में काफी अंतर है। गहलोत सरकार को अधिक वैट कम कर जनता को राहत प्रदान की जानी चाहिये इसी प्रकार बिजली के बिलो में लगातार हो रही बढ़ोतरी व फ्यूल चार्ज में बढ़ोतरी को लेकर आमजन त्रस्त हैं। कांग्रेस सरकार ने बिजली दरों में वृद्धि नहीं करने का वादा किया था लेकिन सरकार अपने वादे से मुकर रही है। वादाखिलाफी करने वाली इस सरकार को जनता माफ नहीं करेंगी। राजस्थान अब अपराध व अराजकता का अड्डा बन चुका है।



**कांग्रेस सरकार के कुशासन का विरोध करते हुए भाजपा जनो ने प्रदर्शन किया ।**

## पायल चौधरी भाषण प्रतियोगिता में प्रथम

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केन्द्र करौली के जिला युवा अधिकारी हितेश कुमार के निर्देशानुसार एनवाईवी रोविन सोलंकी एवं जय सिंह डागुर के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ब्लाक स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन केशव विधा मन्दिर मे किया गया।

एनवाईवी रोविन सोलंकी ने बताया कि यह एक ब्लाक स्तरीय खुली प्रतियोगिता थी जिसमे पूरे ब्लाक भर से दर्जनो विद्यार्थियों और युवाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मंच संचालन जय सिंह डागुर ने किया। मुख्य अतिथि केशव विद्या मन्दिर के व्यवस्थापक उत्कर्ष गौतम रहे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार पायल चौधरी , दुसरा रिकूं खैडी हैवत, तीसरा मीनाक्षी शर्मा, चौथा आशिका और पाचवां पुरूस्कार अंजली चौधरी ने प्राप्त किया। विजेताओ को नकद इनाम राशि व शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। व्याख्याता अरविन्द कुमार, आदि दर्जनौ विद्यार्थी और युवा मौजूद थें।

## 'भव से तारने वाली कथा है भागवत कथा'

**गंगापुर सिटी** (नि.स)। समीपवर्ती टोंकसी गांव में खेडा वाले बालाजी पर गुरूवार से कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा में श्रद्धालु धार्मिक भजनों पर नाचते हुए चल रहें थे। भागवताचार्य पंडित बनवारी लाल शास्त्री ने प्रथम दिन भागवत कथा के महात्म्य पर प्रकाश डाला।

भागवताचार्य ने कहा की भागवतकथा भव से तारने वाली कथा और भटके हुए मन को व व्यक्ति को सुमार्ग पर लाकर उसे सद्कर्म के लिए प्रेरित करती हैं। जिससे की वो भगवान के चरणों में अपना ध्यान लगाकर सद्कर्म करते हुए मोक्ष को प्राप्त कर सकता हैं।

भागवतकथा को सात दिन तक निश्छल मन व परमात्मा में तल्लीन होकर उसके चरणों में लय लगाकर जो कोई प्राणी सुनता हैं। वो निश्चित रूप से भव से तर जाता हैं ।

इस अवसर पर केदारलाल गुप्ता, जयदयाल, वेदप्रकाश, शिवदयाल, सुरेश चंद, पूरण चंद, पंडित मोहनाचार्य सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## 8 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली दो सड़कों का शिलान्यास

**भरतपुर,** (निस)। तकनीकी षिक्षा एवं आयुर्वेद राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने गुरूवार को नगर विकास न्यास द्वारा शहर में करीब 8 करोड रूपये की लागत की दो सडकों के चौडाईकरण एवं नवीनीकरण कार्य का शिलान्यास किया । इन सडकों के बनने के बाद शहर में आवागमन सुलभ हो सकेगा और आमजन को हो रही परेशानियों से राहत मिल सकेगी। इन सडकों के अलावा नगर निगम क्षेत्र में 30 किलोमीटर लम्बी सडकों का निर्माण भी शीघ्र शुरू होगा जिससे शहर की लगभग सभी सडकें दुरूस्त हो जायेंगी।

शिलान्यास के बाद आयोजित समारोह में बोलते हुये डॉ. गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पहली बार भरतपुर जिले के चार मंत्री बनाकर सबसे बडी सौगात दी है सभी मिलकर भरतपुर के विकास को गति दिलायेंगे ताकि भरतपुर जिला विकसित जिलों में शामिल हो सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अभियंताओं को चाहिये कि वे निर्माण कार्यो का समय समय पर पर्यवेक्षण करें ताकि सडकों के निर्माण में गुणवत्ता बनी रह सके। उन्होंने कहा कि संवेदकों को चाहिये कि वे निर्धारित समय में निर्माण का कार्य पूरा करें यदि कोई संवेदक समय पर कार्य पूर्ण नहीं करता है तो नगर विकास न्यास द्वारा उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जानी चाहिये।

डॉ. गर्ग ने कहा कि आगामी माहों में भरतपुर जिले की सभी सडकों के जीर्णोद्वार का कार्य शुरू होगा और नई सडकों के निर्माण के प्रस्तावों को भी स्वीकृत कराने का भी प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भरतपुर शहर में कराये जाने वाले जिन कार्यो की निविदाऐं आमंत्रित कर खोली जा चुकी हैं और ऐसे कार्यो के निर्माण के आदेश शीघ्र जारी करें। उन्होंने प्रशासन शहरों के संग अभियान में आमजन के किये जा रहे कार्यो की जानकारी देते हुये बताया कि राज्य सरकार ने पट्टा देने की प्रक्रिया में काफी बदलाव किया है और 82 प्रतिशत की छूट देने के आदेश जारी कर दिये हैं। उन्होंने अभियान से जुडे सभी अधिकारियों व कार्मिकों को निर्देश दिये कि वे आपसी समन्वय से आमजन की समस्याओं का निस्तारण करें ।

## देश भक्ति व राष्ट्र निर्माण पर उत्साह से भाषण दिया छात्रों ने

**गंगापुर सिटी** (नि.स)। नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा युवाओं में संवैधानिक मूल्यों के साथ राष्ट्र निर्माण और देश भक्ति की भावना पैदा करने के उद्देश्य से विभिन्न स्तर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 23 नबंबर को राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी में किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर की गई।

इस कार्यक्रम में युवाओं ने बढ चढकर भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता का विषय देश भक्ति व राष्ट्र निर्माण, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्रों ने इस प्रतियोगिता में उत्साह से हिस्सा लिया।

इस भाषण प्रतियोगिता में भगवती बीएड कॉलेज के छात्र अभिषेक उपाध्याय ने प्रथम स्थान, अंजलि सैनी ने द्वितीय स्थान व कुहू स्कूल के दुर्गेश शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## विश्व विरासत सप्ताह के तहत हुई प्रतियोगिता

**करौली** (निं.सं.)। भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक चैप्टर करौली के तत्वावधान में मनाए जा रहे विश्व विरासत सप्ताह के अंतर्गत धरोहर संरक्षण विषय पर स्कूली विद्यार्थियों की भाषण प्रतियोगिता का आयोजन शिवा एकेडमी सीनियर सैकण्डरी स्कूल हिण्डौन गेट में गुरुवार को किया गया। इंटैक के विरासत शिक्षा एवं संचार सेवा प्रभारी राजेंद्र दीवान ने बताया की इंटेक चैप्टर करौली के संयोजक पूर्व नरेश कृष्ण चंद्र पाल की प्रेरणा एवं सह संयोजक राव शिवराजपाल सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित हैरिटेज भाषण प्रतियोगिता में रामस्नेही कीर्ति राम उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर की नवमी कक्षा की छात्रा आरुषि पाराशर को सर्वश्रेष्ठ भाषण देने पर विजेता घोषित किया गया। तथा दाखा देवी आदर्श बालिका माध्यमिक विद्या मंदिर की कक्षा आठवीं की छात्रा रेनू तिवारी प्रतियोगिता की उप विजेता रही। नि:शब्द मूक बधिर विद्यालय एकट बोध ग्राम की छात्रा सकीना माली को अपनी विशिष्ट सांकेतिक भाषा में उत्कृष्ट भाषण प्रस्तुति देने पर विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करौली राज परिवार के युवराज विवस्वत पाल ने सभी विजेता एवं सहभागी प्रतिभागियों को पारितोषिक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवा एकेडमी के निदेशक सुधीर नायर द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विरासत शिक्षा एवं संचार सेवा प्रभारी राजेंद्र दीवान ने इंटेक की गतिविधियों के बारे में सविस्तार जानकारी दी।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व शिक्षा अधिकारी किशन पाल सिंह जादौन ने विरासत संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इंटैक के वरिष्ठ सदस्य पुष्पेंद्र बंसल, कर्नल कृपाल कृपाल सिंह एवम् संतोष सिंह एडवोकेट प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सम्मिलित रहे।

## धूमधाम के साथ कलश यात्रा निकली

**करौली** (निं.सं.)। विजय हनुमान और गिरीश्वर महादेव हनुमान भक्त मण्डल सेवा समिति के तत्वावधान में विशाल दूसरी कलश यात्रा सीताराम जी के मंदिर से नगरपरिषद उपसभापति सुनील सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कलश यात्रा मे भक्त और बाल गोपाल नाचते हुए चल रहे थे। आचार्य सच्चिदानंद शरण सोनू व्यास ससेड़ी वाले कलश यात्रा के दौरान पीछे पीछे घोड़े पर चल रहे थे।कलश यात्रा भुडारा बाजार से गणेश गेट होते हुये अम्बेडकर सर्किल होते हुई कथा स्थल विजय हनुमान मंदिर परिसर पर पहुची।

इस दौरान नगरपरिषद के सफाई इंस्पेक्टर मीना, राधेश्याम, रमेश शुक्ला, राम खिलाड़ी, कल्याण, धर्मा, जगमोहन, मोहर सिंह, राम दयाल, मंडल अध्यक्ष करण सिंह, मदन मोहन, जतन सिंह, मंदिर महंत नाहर सिंह महिलाएं उपस्थित थी।

## जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। लोगटीपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के खेल मैदान पर चल रही जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का गुरुवार को समारोह पूर्वक समापन किया गया ।

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भामाशाह एवं सरपंच प्रतिनिधि राम रूप जाटव अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजेश कुमार मीणा विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह गुर्जर, ब्लॉक खेलकूद प्रभारी श्रीनिवास शर्मा जिला शारीरिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश सहारिया जिला शारीरिक शिक्षक संघ के मंत्री भगत सिंह बेनीवाल वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक महेंद्र कुमार शर्मा प्रधानाध्यापक मुकेश चंद्र गुप्ता प्रधानाध्यापक हरिशंकर शर्मा रहे। खेलकूद प्रतियोगिता में ट्रेक इवेंट्स 100, 200, 400, 600, मीटर दौड़, 4100 रिले दौड़, फील्ड इवेंट्स में, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, तश्तरी फेंक के विजेता रहे खिलाड़ियों मेडल एवं पुरस्कार सामठी भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के संयोजक एवं प्रधानाध्यापक राजेश शर्मा तेज गांव एवं मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने बताया कि समापन कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की तस्वीर के सामने दीप प्रज्ज्वलन कर की गई । समापन कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक राजेश शर्मा अन्य लोगों ने अतिथियों का साफा एवं माला पहना कर अभिनंदन किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलों में गांव के लड़कों को अधिक से अधिक भाग लेना चाहिए । अध्यक्ष अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य राजेश कुमार मीणा ने कहा कि किलो के साथ-साथ पढ़ने में भी विशेष ध्यान देना चाहिए और स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है । छात्र वर्ग 100 मीटर दौड़ में राजकीय उच्च माध्य विद्यालय जगदीशपूरा शिव हरी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

## निबंध प्रतियोगिता आज

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। शहर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जावेगा।

जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में संविधान दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सुबह 11:30 बजे से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा । इस अवसर पर जिला एवं राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जावेगा। निबंध प्रतियोगिता का विषय डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं भारतीय अर्थव्यवस्था होगा। जिसकी शब्द सीमा 2000 शब्द होगी। आयोजित प्रतियोगिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर फाउंडेशन जयपुर द्वारा आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले को पुरस्कार दिया जाएगा। इसी तरह राज्य स्तर पर प्रथम स्थान, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले को नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

## समझौता शिविर में 515 खाता धारकों ने किया एनपीए खातों का निपटारा

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। ग्राम खानुवा में पंजाब नैशनल बैंक द्वारा एक मुस्त समझौता शिविर का आयोजन जयपुर अंचल शस्त्रा प्रमुख जी आर सचदेवा की अध्यक्षता में किया गया एवं मुख्य अतिथि के रूप में भरतपुर के मण्डल प्रमुख अश्वनी कुमार सिंह उपस्थित रहें। शिविर के संयोजक एन सी जैन भरतपुर मण्डल शस्त्रा प्रमुख ने बताया की इस शिविर में शाखा खानुवा, रूपवास, रुदावल एवं उच्चैन के खाताधारकों ने बड़ चड कर भाग लिया और अधिक से अधिक समझौते किए गए।

अंचल शस्त्रा प्रमुख सचदेवा ने बताया की बैंक के जो भी खाता धारक किसी परिस्थिति के कारण बैंक का ऋण समय पर चुकता नहीं कर पाया जिसकी वजह से खाता एनपीए हो जाता है तो बैंक उनके लिए एक मुस्त समझौता कर मदद प्रदान करता है। मण्डल प्रमुख अश्वनी कुमार सिंह ने बताया की सभी ऋणियों को समय पर लोन चुकता करना चाहिए एवं विषम परिस्थितियों में ही समझौता कराना चाहिए इसके लिए बैंक भी उनकी मदद के लिए तैयार रहता है। अंत में खानुवा शाखा प्रबंधक जैशवाल द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया। शिविर के प्रभारी चंद्रकांत भारद्वाज ने अवगत कराया है की इस शिविर में 515 समझौते किए गए। मण्डल शस्त्रा से मनीष कुमार, मानसिंह मीणा, अनिरुद्ध चौधरी एवं भोंट एसोसिएट से हरेन्द्र सिंह , पिंटू चौधरी, सतेन्द्र सिंह और विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहें।

## श्रीमहावीरजी ने झालावाड को हराया

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। गावं खेडा जमालपुर स्थित सौरभ एजूकेशन कैम्पस में गुरूवार से शुरू हुई अन्तर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान विजय सिंह पथिक कॉलेज श्रीमहावीरजी ने राजकीय महाविद्यालय झालावाड को पराजित कर दिया ।

कोटा विश्वविद्यालय कोटा द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सौरभ एजुकेशन के सचिव ज्वाला सिंह बेनीवाल व अध्यक्षता सौरभ एजुकेशन के निदेशक शिवकेश मीणा ने की विशिष्ट अतिथि व्याख्याता शारीरिक शिक्षा करौली मानसिंह मीणा, प्रतियोगिता पर्यवेक्षक अरमान मलिक यूनिवर्सिटी प्रशिक्षक आशीष यादव ने की प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. देवेंद्र अठावाल एवं प्रतियोगिता संचालन सचिव शारीरिक शिक्षक प्रियकांत बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कोटा विश्वविद्यालय कोटा के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता का सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन कर अतिथियों ने शुरुआत की । मुख्य अतिथि ज्वाला सिंह बेनीवाल थे।

## नहरों में छोड़ा गया पानी बरसाती नाले में व्यर्थ बह गया

**मण्डरायल** (निं.सं.)एक और जहां क्षेत्र के किसान सिंचाई के लिए पानी की बूंद बूंद के लिए तरस रहे हैं वहीं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते नींदर बांध से सिंचाई के लिए नहरों में छोड़ा गया पानी व्यर्थ ही बरसाती नाले व खेतों में बह रहा है।

किसान राधा रमन सारस्वत,रशीद खान, श्रीपत प्रजापत, ब्रजनंदन शर्मा, निसार खां, भरत माली, मनीष चौधरी आदि ने बताया कि बुधवार बीती रात गोपालपुर माइनर की पाल फिरोजपुर सड़क के समीप टूट गई जिससे रात भर पानी व्यर्थ ही आसपास के खेतों में बहता रहा जिससे आसपास के गांव जलमग्न हो गए किसानों ने बताया कि प्रात: जाकर किसानों ने ही खाली कट्टों में मिट्टी भरकर उस में मिट्टी डालकर नहर की टूटी पाल की मरम्मत की उन्होंने बताया कि गत सोमवार रात को भी समीप ही नहर की पाल टूटी थी। जिसकी किसानों ने ही मरम्मत की थी लेकिन विभाग का कोई भी अधिकारी कर्मचारी आज तक मौके पर नहीं पहुंचा किसानों ने बताया कि 10-15 दिन पूर्व ही खेतों में गेहूं की फसल की बुवाई की गई लेकिन खेत लबालब पानी से भर जाने से गेहूं व सरसों की फसल नष्ट हो गई इसी प्रकार मण्डरायल-रोधई सड़क के समीप मंगलवार रात मण्डरायल नहर की पाल में एक बड़ा हॉल हो जाने से पानी रात भर बरसाती नाले में बहता रहा किसान गिर्राज पाल,सुरेंद्र सिंह,अजीज खां आदि ने बताया कि बुधवार को किसानों ने मौके पर पहुंचकर व्यर्थ बह रहे पानी की पाल की मरम्मत कर उसे रोकने की कवायद की लेकिन कोई भी विभागीय कार्मिक मौके पर नहीं पहुंचा।

ज्ञात रहे कि उपखंड कार्यालय में गत 11 नवंबर को उप जिला कलेक्टर प्रदीप कुमार चौमाल की अध्यक्षता में नींदर बांध जल वितरण कमेटी व किसानों के साथ आयोजित की गई बैठक में 17 नवम्बर को नींदर बांध का पानी नहरों में छोडे जाने का निर्णय लिया गया था। इस दौरान उप जिला कलेक्टर चौमाल ने बैठक में मौजूद जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को बांध से पानी छोडे जाने से पूर्व नहरों की मरम्मत एवं सफाई के निर्देश दिए थे। जिस पर विभाग के अधिकारियों द्वारा नहरो की मरम्मत व सफाई के नाम पर औपचारिकता पूरी कर ली गई ।

## करतार चौधरी जाट प्रतिभा सम्मान समारोह के जिला संयोजक नियुक्त

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। महाराजा सूरजमल अन्तर्राष्ट्रीय जाट प्रतिभा सम्मान समारोह जयपुर राजस्थान के अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने करतार सिंह चौधरी धंधावली को जिला करौली का संयोजक मनोनीत किया है ।

महाराजा सूरजमल अन्तर्राष्ट्रीय जाट प्रतिभा सम्मान समारोह जयपुर राजस्थान कि ओर से जाट प्रतिभा व शहीद आदरांजलि एवं प्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन दिनांक 26 दिसम्बर 2021 को प्रात: 10.00बजे जाट भवन, राज. जाट संस्थान सैक्टर-4 , विद्याधर नगर जयपुर में किया जा रहा है । करतार चौधरी के जिला संयोजक मनोनीत होने पर शिवसिंह डागुर , दलवीर चौधरी , गुमान चौधरी , नरेश सोलंकी , भबलेश लहकोडिया , ओमवीर चौधरी , नटवर डागुर , नेकराम बैनीवाल , धर्मेन्द्र चौधरी , सन्तोष चौधरी , कप्तान चौधरी मकनपुर , सानू सोलंकी , रामप्रकाश डागुर , दीपक चौधरी , संजय सोडवाल आदि ने हर्ष जताया है ।

## वरधोडा निकलने पर शहर का माहौल हुआ



**करौली में जैन समाज की ओर से दीक्षार्थी अरिहंत और दिव्या के निकले वरघोडा में शामिल लोग।**

**करौली** (निं.सं.) । जैन समाज की परंपरा के अनुसार दीक्षा ले रहे अरिहंत और भव्या का शहर में वरघोड़ा निकलने के दौरान माहौल भक्ति में हो गया। दीक्षार्थी अरिहंत और भव्या का गाजे बाजे के साथ वरघोड़ा निकाला गया। लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

बरघोड़ा में शामिल सकल जैन समाज के लोग भजन गाते और जिनेंद्र के जयकारे लगाते चल रहे थे। करौली में प्रवास कर रहे जैन मुनि धैर्य सुंदर महाराज के सानिध्य में हुए आयोजन की शहर भर में चर्चा रही। पल्लीवाल जैन मंदिर से शुरू हुए वरघोड़ा में एक आकर्षक सजे वाहन में दीक्षार्थी अरिहंत और भव्या विराजित थे। मुनि धैर्य सुंदर विजय के साथ निर्मोह सुंदर विजय,हर्ष सुंदर और परम सुंदर विजय के सानिध्य में बरघोड़ा शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए निकला तो लोग बाजारों में और छतों पर देखने के लिए उमड़ पडे। दिगंबर जैन मंदिर फूटाकोट,श्वेतांबर जैन मंदिर सीताबाड़ी सहित विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। दीक्षार्थी अरिहंत और भव्या त्याग का संदेश देते हुए अपने हाथों से पैसे और विभिन्न वस्तुएं लुटा रहे थे। इन्हें लूटने के लिए जैन समाज ही नहीं अन्य समाजों के लोगों में भी होड़ मची।

## दो जने घायल

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। शहर के बाईपास चौराहे पर गुरुवार को एक ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी । जिससे मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए । घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जहां एक जने की हालत गंभीर होने कारणों से जयपुर हल कर दिया राजकीय अस्पताल के डॉक्टर प्रेम सिंह गोगा ने जानकारी देते हुए बताया कि पप्पू पुत्र धर्म सिंह उम्र 35 साल जाति गुर्जर गांव राजापुरा व अजब सिंह पुत्र अमूल सिंह उम्र 40 साल गांव राजापुरा मोटरसाइकिल से हिंडौन सिटी से अपने गांव जा रहे थे । इसी दौरान रास्ते मे जाते समय वाईपास के समीप एक ट्रैक्टर ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी । जिससे दोनों जने घायल हो गए ।


**प्रारूप-5 ( नियम 62 ( 2 )देखिए )**

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका मण्डावरी जिला दौसा**

संख्या: 166 दिनांक:- 23.11.2021

श्री यशवंत कुमार जोशी पुत्र /पत्नी श्री खेमराज जोशी जाति ब्राह्मण निवासी मण्डावरी ने नीचे वर्णित भूमि मे के अपेन अधिकार.... प्रयोजन के लिए (पूर्व में ग्राम पंचायत मण्डावरी द्वारा पट्टा संख्या 89 दिनांक 19.10.1994 को श्रीमति कलावती देवी पत्नि श्री चंदन लाल भैडोल्या के नाम से जारी किया गया था जिसे जरिए..... से श्री ... ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष अभ्यर्पित कर दिए गए है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भूखण्ड संख्या | उत्तर दिशा दर्शित हुए लम्बाई और सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| मण्डावरी जिला दौसा | वार्ड नं. 5 | पूर्व-खाली भूखण्ड<br>पश्चिम-रामचरण जी का मकान<br>उत्तर - स्वयं का मकान<br>दक्षिण-बिलासी का मकान | 361.99 व.ग. |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता हैकि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पित करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर किसी भी कार्यदिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्पित दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जावेगा।

अत: सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक .... को जारी की गई है।

प्राधिकृत अधिकारी, नगरपालिका मण्डावरी